बिहार सरकार

# मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
# (राजभाषा)
## सूचना

**'राजभाषा' पत्रिका के लिए रचनाओं का आमंत्रण**

हिन्दी त्रैमासिकी 'राजभाषा' पत्रिका, वर्ष–39, अंक–4 (जनवरी–मार्च, 2026) में सन्निवेशन हेतु स्तरीय रचनाएँ आमंत्रित हैं। लेखकों, कवियों एवं साहित्यकारों से अनुरोध है कि दिनांक 28.11.2025 तक हिन्दी की किसी भी विधा, यथा–आलेख, विरासत, व्यक्तित्व, आलोचना आदि में प्रणीत अपनी मौलिक, अप्रकाशित एवं कम्प्यूटर द्वारा टंकित या सुस्पष्ट अक्षरों में हस्तलिखित रचनाएँ, अपने जीवनवृत्त एवं पासपोर्ट आकार के रंगीन छायाचित्र, पत्राचार का पूरा पता एवं दूरभाष/चलभाष संख्या के साथ, अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाय।

जाति/धर्म/संप्रदाय आधारित बातों से सामाजिक वैमनस्यता बढ़ाने वाली रचनाएँ विचारणीय नहीं होगी।

रचनाओं के प्रकाशन का सर्वाधिकार विभाग के पास सुरक्षित है। अस्वीकृत रचनाओं की वापसी का प्रावधान नहीं है। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट www.rajbhasha.bihar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। पत्रिका में प्रकाशित होनेवाली रचनाओं के लिए मानदेय भी निर्धारित है।

10/11/25

**( एस० एम० परवेज़ आलम )**
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)
फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन,
छज्जूबाग, पटना–800001
दूरभाष संख्या–0612–2520128

D:\VIVEK 2025\Surendra Kumar\Information (Magazine) 07-11-2025.doc